DAINIK BHASKAR (13.08.2016)

अय्यर की सलाहः युवा तर्क शक्ति को बढ़ाने के लिए शतरंज खेलें

वैदिक गणित के विशेषज्ञ अय्यर ने तर्क शक्ति को मजबूत करने के लिए शतरंज खेलने के लिए किया प्रेरित

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

वैदिक गणित के विशेषज्ञ रवि अय्यर ने कहा कि प्रतिभाशाली भारतीयों ने अपनी विलक्षण बुद्धिमत्ता व योग्यता से दुनिया में नाम रोशन किया। कंप्यूटर की दुनिया में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले पेंटियम चिप के निर्माता विनोद धाम, यूएसपी तकनीक विकसित करने वाले अजय भट्ट एवं इंटरनेट में बदलाव लाने वाली फाइबर ऑप्टिक्स के जनक नरेन्द्र सिंह कपानी जैसी युवा प्रतिभाओं ने आईटी के क्षेत्र में क्रांति ला दी। इन सभी नामों को बेशक मीडिया में इतनी शोहरत नहीं मिली। लेकिन आईटी व टेलीकॉम में बदलाव लाने में इनका योगदान विस्मरणीय है। छात्रों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

अय्यर वाईएमसीए साइंस व टेक्नालाजी यूनिवर्सिटी में 'विश्व परिदृश्य में उभरता भारत' विषय पर छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शुरूआत स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग से की। उन्होंने कहा कि भारतीय युवाओं को चाहिए कि भारतीय खेल शतरंज खेंले। इससे मस्तिष्क में तर्क शक्ति विकसित होती है। जिससे तर्कसंगत निर्णय लेने में मदद मिलती है। जो विश्व शांति के लिए बेहद जरूरी है। इसलिए इसका प्रसार जरूरी है। उन्होंने भेंट में शतरंज और आइना देने का आह्वान किया। अय्यर ने कहा कि आइना प्रतिबिंब दिखाता है। यदि साधन से वंचित युवाओं को आइना उपलब्ध होगा तो वे आइने में प्रतिबिंब देखकर खुद को बेहतर ढंग से संवार पाएंगे। इससे उनमें स्वच्छता की भावना पैदा होगी। उनका व्यक्तित्व विकास होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को पूर्वांचल की भाषाओं से रोजमर्रा के शब्दों को सीखना चाहिए। पूर्वांचल से आने वाले छात्रों के साथ विचारों का आदान-प्रदान करना चाहिए। ऐसा करने से सिक्किम, अरुणाचल और मिजोरम जैसे राज्यों से आने वाले अन्य छात्रों के साथ ज्यादा सहज महसूस कर सकेंगे। आपसी सौहार्द की भावना को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि अनुसंधान के क्षेत्र में अमेरिका के सभी प्रमुख यूनिवर्सिटी में भारतीयों व चीनियों का दबदबा है। इसका कारण उच्चतर शिक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में पश्चिमी देशों के युवाओं की रूचि कम होना है। ऐसे में भारतीय छात्रों को वहां बेहतर अनुसंधान सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने दिया।

फरीदाबाद. मुख्यातिथि को स्मित चिन्ह भेंट करते वाईस चांसलर दिनेश कुमार।

NAVBHARAT TIMES (13.08.2016)

वाईएमसीए में हुआ सेमिनार

■ वस, फरीदाबाद

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी में 'विश्व परिदृश्य में उभरता भारत' विषय पर व्याख्यान हुआ, जिसमें वैदिक गणित में विशेषज्ञता रखने वाले रवि अय्यर मुख्य वक्ता रहे। युवाओं को प्रेरित करने वाले इस व्याख्यान का आयोजन यूनिवर्सिटी के विवेकानंद मंच की ओर से नैतिक एवं सांस्कृतिक प्रशिक्षण के लिए पहल नामक संस्था के सौजन्य से किया गया था। कार्यक्रम में वाइस चांसलर प्रो. दिनेश कुमार ने रवि अय्यर का स्वागत किया। इस मौके पर रजिस्ट्रार डॉ. संजय कुमार शर्मा, शिक्षाविद प्रो. दयाशंकर, राकेश अग्रवाल व श्री विनोद भी उपस्थित थे।